जिले के साम्प्रदायिक सौहार्द को कायम रखें: प्राची सिंह

श्रावस्ती। जनपद में आगामी दिनो चैत्र नवरात्रि, रामनवमी एवं रमजान तथा ईद आदि त्योहारों को शान्तिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराये जाने के लिए 20 मार्च को पुलिस कार्यालय सभागार में पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह की अध्यक्षता में शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने मौजूद सभी संभ्रान्त नागरिकों से अपील की है कि विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी जनपद में चैत्र नवरात्रि, रामनवमी एवं रमजान तथा ईद का त्यौहार भाई-चारे के साथ मिलजुल कर मनाते हुए हमेशा की तरह गंगा-जमुना की तहजीब को कायम रखें। उन्होंने कहा कि साम्प्रदायिक सौहार्द के लिए श्रावस्ती अपनी अलग पहचान रखता है, जिस मिशाल को आप लोग कायम रखें। साथ ही एसपी ने यह भी स्पष्ट किया कि जिले के अमन-चैन से खिलवाड़ करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। सोशल मीडिया पर निरंतर निगरानी के लिए अलग से कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जायेगी। पुलिस अधीक्षक ने सभी लोगों से अपेक्षा किया है कि त्योहार के अवसर पर कोई ऐसा कार्य न करें, जिससे किसी दूसरे व्यक्ति की भावनाएं आहत हों। जनपद में कुल 250 मंदिर व 229 मस्जिद हैं। जहां पर समुचित पुलिस बल की ड्यूटी लगा दी गई है।

एसपी ने किया वार्षिक निरीक्षण

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने पुलिस कार्यालय श्रावस्ती का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस कार्यालय की प्रधान लिपिक शाखा, आंकिक शाखा, विशेष जांच प्रकोष्ठ, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की महिला प्रकोष्ठ शाखा का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा निरीक्षण के दौरान शाखाओं में नियुक्त समस्त पुलिस कर्मचारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। पुलिस अधीक्षक ने प्रधान लिपिक शाखा पहुंचकर जांच रजिस्टर, संदर्भ रजिस्टर, डिस्पैच रजिस्टर, डाक बही रजिस्टर, चरित्र पंजिका रजिस्टर, कर्मचारियों की चरित्र पंजिका, प्रारंभिक जांच रजिस्टर, चरित्र वेरिफिकेशन रजिस्टर का अवलोकन किया गया। बंदशुदा फाइलों का गहनता से अवलोकन किया गया। लंबित प्रारम्भिक जांच का शीघ्र निस्तारण व फाइलों को सही ढंग से रखने के लिए प्रधान लिपिक को आवश्यक निर्देश दिए गए। उसके बाद एसपी ने आंकिक शाखा पहुंचकर वेतन संबंधी रजिस्टरों को चेक कर बजट, प्राप्त अनुदान एवं जीपीएफ फंड रजिस्टर का अवलोकन किया गया। एसपी ने श्रावस्ती पुलिस वेबसाइट को भी चेक किया, वेबसाइट पर कर्मचारियों का डाटा फीडिंग कर रहे कर्मचारियों को समयबद्ध डाटा फीड करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव मौजूद रहे।